# ध्येय पथ

## अक्टूबर 2023

## मासिक ई-पत्रिका




**सम्पादक**

**श्रीमती पुष्पा निषाद**

**डॉ. सुबोध कुमार मिश्र**



**महाराणा प्रताप महाविद्याल, जंगल धूसड़**


**गोरखपुर**

## राष्ट्रपति महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लालबहादुर शास्त्री जयन्ती



02 अक्टूबर को महाविद्यालय बी.एड्. विभाग के तत्वावधान में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ पुष्पांजलि के साथ किया गया तत्पश्चात उप प्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी द्वारा ध्वाजारोहण किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ पुष्पांजलि के साथ किया गया तत् पश्चात उप प्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी द्वारा ध्वाजारोहण किया गया। इस अवसर पर बी.एड्. विभाग के छात्राध्यापक हिमांशु सिंह ने महात्मा गांधी व आदर्श कुँवर सिंह ने लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन छात्राध्यापिका अर्पणा सिंह ने किया।

## ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज तथा राष्ट्रसंत महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज पुण्यतिथि कार्यक्रम




02 अक्टूबर को महाविद्यालय में ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज तथा राष्ट्रसंत महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के दर्शनशास्त्र विभाग के आचार्य प्रो. द्वारिकानाथ जी ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता व आभार श्री नन्दन शर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन श्री अनुप कुमार पाण्डेय ने किया।

## सामूहिक व्यक्तित्व विकास योजना




02 अक्टूबर को महाविद्यालय में सामूहिक व्यक्तित्व विकास योजना के अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप प्राचार्य श्रीमती शिप्रा सिंह ने गोद लिए गये समस्त विद्यार्थियों से संवाद स्थापित किया। कार्यक्रम का संचालन उप–प्राचार्य श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर



04 अक्टूबर को महाविद्यालय में गुरू श्री गोरखनाथ चिकित्सालय एवं महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी ने रक्तदाताओं को सम्बोधित किया। इस रक्तदान शिविर में कुल 22 यूनिट रक्तदान किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अखिलेश कुमार गुप्त ने सभी रक्तदाताओं का आभार ज्ञापित किया।

## विज्ञान प्रदर्शनी




05 अक्टूबर को महाविद्यालय के प्राणि विज्ञान विभाग के बी.एस.सी पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के रूप में उप प्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी व विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. मंजेश्वर जी रहे। प्रदर्शनी में कुल 67 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रदर्शनी में शिल्पी सिंह प्रथम, अंजली मिश्रा द्वितीय व प्रीति गुप्ता व मुस्कान पाण्डेय को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। निर्णायक के रूप में डॉ. शैलेन्द्र कुमार ठाकुर डॉ. अरूण कुमार राव तथा सुश्री रीतिक त्रिपाठी जी रही। कार्यक्रम का संयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. रघुवीर नारायण सिंह ने किया।

## राष्ट्रीय संगोष्ठी उद्घाटन सत्र




07 और 08 अक्टूबर को महाविद्यालय के बी.एड्. विभाग के तत्वावधान में "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 : संकल्प से सिद्धि तक" विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन सत्र का आयोजन 07 अक्टूबर को किया गया। जिसके मुख्य अतिथि के रूप में गोपाल नारायन सिंह विश्वविद्यालय, सासाराम बिहार के कुलपति




प्रो. हरिकेश सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के शिक्षा संकाय की संकायाध्यक्ष प्रो. शोभा गौड़ उपस्थित रही। संगोष्ठी की अध्यक्षता दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने की। इस अवसर पर सभी अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने तथा कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के बी.एड्. विभाग की अध्यक्ष श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया।

## प्रथम तकनीकी सत्र




राष्ट्रीय संगोष्ठी के प्रथम तकनीकी सत्र के अध्यक्ष के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के गणित विभाग के प्रो. सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने किया सह अध्यक्ष के रूप में दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बी.एड् विभाग के आचार्य डॉ. सुभाष चन्द्र जी ने किया। इस सत्र में श्री भारत कुमार, सुश्री गरिमा यादव, डॉ. लक्ष्मी वर्मा, श्रीमती पुष्पा निषाद, डॉ. सुधा शुक्ल, श्री अनिल कुमार मद्धेशिया सहित कुल 06 लोगों ने शोधपत्र प्रस्तुत किया। सत्र का संचालन...........तथा प्रतिवेदन.............ने किया।

## द्वितीय तकनीकी सत्र




राष्ट्रीय संगोष्ठी के द्वितीय तकनीकी सत्र की अध्यक्षता दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के शिक्षा संकाय के पूर्व संकायाध्यक्ष प्रो. एन.पी. भोक्ता ने किया। सह– अध्यक्ष के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के शिक्षा संकाय की सहायक आचार्य डॉ. मीतू सिंह ने किया। इस सत्र में डॉ. अनुभा श्रीवास्तव, श्री जितेन्द्र प्रजापति, सुश्री प्रतिभा यादव, श्री अरविन्द कुमार मौर्य, डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव सहित कुल 5 लोगों ने शोधपत्र प्रस्तुत किया। सत्र का संचालन.......................ने किया तथा प्रतिवेदन..........ने किया।

## तृतीय तकनीकी सत्र




08 अक्टूबर को राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन तृतीय तकनीकी सत्र की अध्यक्षता दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा ने किया। सह–अध्यक्ष के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के शिक्षा संकाय के सहायक आचार्य डॉ. राजेश कुमार सिंह जी उपस्थित रहे। इस सत्र में, श्रीमती अर्पिता सिंह, शैलेन्द्र कुमार सिंह, प्रिया वर्मा, दीप्ति गुप्ता, भानु प्रताप तथा कृष्णमोहन सहित कुल 6 लोगों ने अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। सत्र का संचालन...............ने किया तथा प्रतिवेदन........................ने किया।

## चतुर्थ तकनीकी सत्र




राष्ट्रीय संगोष्ठी के चतुर्थ तकनीकी सत्र की अध्यक्षता महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के एलायड हेल्थ साइंस के संकायाध्यक्ष प्रो. सुनील सिंह ने किया। सह–अध्यक्ष के रूप में जे.बी. महाजन कॉलेज चौरी–चौरा गोरखपुर के सहायक आचार्य डॉ. लक्ष्मण सिंह जी उपस्थित रहे। इस सत्र में सुश्री यशोदा, आद्या कुमार, अभिषेक त्रिपाठी डॉ. दीपशिखा नागवंशी, तारकेश्वर पाण्डेय, डॉ. राजकुमार, कुमारी पूनम सहित कुल 7 लोगों ने अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। सत्र का संचालन........................ने किया तथा प्रतिवेदन....................ने किया।

## समापन समारोह




08 अक्टूबर को दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन समारोह का आयोजन किया गया। समापन समारोह की अध यक्षता मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के कुलपति प्रो. जे. पी. सैनी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सेंटर ऑफ पॉलिसी

रिसर्च एण्ड गवर्नेस नई दिल्ली के निदेशक रामानन्द जी रहे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, गोरखपुर के प्रो. अश्वनी कुमार मिश्र जी रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव ने किया। संगोष्ठी का संयोजन विभाग प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया।





## जय प्रकाश नारायण जयन्ती

11 अक्टूबर को महाविद्यालय के प्रार्थना सभा में जय प्रकाश नारायण जयन्ती के अवसर पर बी.एस–सी. पंचम सेमेस्टर के छात्र पंकज चौरसिया ने अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।



## शोध व्याख्यान प्रतियोगिता

11 अक्टूबर को महाविद्यालय के प्राणि विज्ञान विभाग द्वारा एक शोध व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.एस–सी. पंचम सेमेस्टर के कुल 34 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में श्री अभिषेक वर्मा एक विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री श्रीकान्त मणि त्रिपाठी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में पूजा गुप्ता को प्रथम स्थान, शिल्पी सिंह को द्वितीय स्थान तथा प्रीति गुप्ता को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। निर्णायक मण्डल में डॉ. रघुवीर नारायण सिंह व उप प्राचार्य श्री विनय कुमार सिंह जी रहे। प्रतियोगिता का संयोजन प्राणि विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. शिव कुमार ने किया।



## डॉ. राममनोहर लोहिया जी की पुण्यतिथि

12 अक्टूबर को महाविद्यालय के प्रार्थना सभा में डॉ. राममनोहर लोहिया जी की पुण्यतिथि के अवसर पर महाविद्यालय की छात्रा सुश्री ममता गौड़ ने अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।




## मेरी माटी मेरा देश कलश यात्रा





12 अक्टूबर को महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत ''मेरी माटी मेरा देश'' कलश यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ उप–प्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी ने किया। कार्यक्रम का संयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरती सिंह एवं डॉ. अखिलेश कुमार गुप्त ने किया।

## बिजनेस मॉडल प्रतियोगिता

12 अक्टूबर को महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा बिजनेस मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 20 समूहो ने प्रतिभाग किया। एक समूह में 5 विद्यार्थी थे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्री अभिषेक सिंह के समूह को, द्वितीय स्थान श्री प्रतीक राज सिंह के समूह को एवं तृतीय स्थान हर्ष महेश चौहान के समूह ने प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में श्रीमती श्वेता, श्री भारत कुमार व सुश्री साक्षी चौबे उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन बी.काम प्रथम सेमेस्टर के श्री वंशदीप राय ने किया। कार्यक्रम का संयोजन श्री सिद्धार्थ कुमार शुक्ल ने किया।



## एक दिवसीय कार्यशाला




13 अक्टूबर को महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा "रोल ऑफ इलुसस्ट्रेसन इन बॉयोलोजिकल स्टडीज" विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कुल 63 विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन विभाग प्रभारी डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव तथा संचालन विभागीय शिक्षक डॉ. अखिलेश कुमार गुप्ता ने किया।

## मिशन शक्ति अभियान 4.0 (रैली)




14 अक्टूबर को महाविद्याल में माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार मिशन शक्ति अभियान 4.0 के अन्तर्गत मिशन शक्ति, रैली का आयोजन किया गया। रैली में महाविद्यालय के 68 विद्यार्थियों ने सहभाग किया। रैली का संयोजन मिशन शक्ति प्रभारी एवं महाविद्यालय की उप–प्राचार्य श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया।

## वाद-विवाद प्रतियोगिता



16 अक्टूबर को महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा ट्रेडिशनल एजुकेशन वर्सेल मॉडर्न एजुकेशन विषय पर एक वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 22 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में देव कुमार चौधरी को प्रथम स्थान, शिवम कुमार को द्वितीय स्थान तथा शिवांगी को तृतीय स्थान व कल्पना को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। निर्णायक, मण्डल में श्री नन्दन शर्मा, डॉ. अभय प्रताप सिंह जी रहे। कार्यक्रम का संयोजन एवं आभार ज्ञापन सुश्री शिवानी सिंह ने किया।

## एक दिवसीय कार्यशाला




16 अक्टूबर को महाविद्यालय के प्राणि विज्ञान विभाग द्वारा बी.एस–सी. तृतीय सेमेस्टर के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अखिलेश कुमार गुप्त जी रहे। कार्यशाला में आंशिका सिंह को प्रथम स्थान, पल्लवी मिश्रा को द्वितीय स्थान व आकांक्षा शर्मा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. शिव कुमार ने किया। निर्णायक के रूप में डॉ. रघुवीर नारायण सिंह व श्री विनय कुमार सिंह जी रहे।

## दो दिवसीय कढ़ाई एवं पेटिंग कार्यशाला




16 अक्टूबर को महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा दो दिवसीय कढ़ाई एवं पेटिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रशिक्षु के रूप में श्रीमती कमलावती प्रजापति जी उपस्थित रहीं। कार्यशाला का संयोजन सुश्री स्मृति सिंह ने किया।

## दो दिवसीय कार्यशाला का दूसरा दिन



17 अक्टूबर को महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन पेटिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पेटिंग कार्यक्रम के प्रशिक्षु के रूप में श्रीमती कमलावती ने छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान किया।

## ओरिएंटेशन प्रोग्राम




18 अक्टूबर को महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्किल डेवलपमेंट एवं पर्सनैलिटी डेवलेपमेंट प्रोग्राम के अन्तर्गत उन्नति फाउंडेशन के तत्वावधान में ओरिएंटेशन प्रोग्राम का शुभारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम में फाउंडेशन की तरफ से श्री शिवानन्द त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को सम्बोधित किया। इस अवसर पर उप–प्राचार्य श्रीमती शिप्रा सिंह, श्री अभिनव त्रिपाठी व श्री प्रियांशु श्रीवास्तव जी उपस्थित रहे।

## शोध व्याख्यान प्रतियोगिता




18 अक्टूबर को महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा शोध व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.एस–सी. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा दीपा गौड़ को प्रथम स्थान, खुशी सिंह को द्वितीय स्थान, रूबी सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन विभागीय शिक्षक डॉ. अखिलेश कुमार गुप्त ने किया।

## विशिष्ट व्याख्यान




18 अक्टूबर को महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा "मीडिया सोसायटी एण्ड लिट्रेचर" विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य अतिथि मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग के सह आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सुधीर नारायण ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन विभाग प्रभारी सुश्री शिवानी सिंह ने किया संचालन बी.ए. पंचम सेमेस्टर के छात्र तारकेश्वर पाण्डेय ने किया।

## विशिष्ट व्याख्यान




19 अक्टूबर को महाविद्यालय के कम्प्यूटर विभाग द्वारा ''तकनीकि क्षेत्र में कैरियर काउंसलिंग'' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बालाजी एकडमी, गोरखपुर के मुख्य कैरियर काउंसलर श्री अविनाश कुमार श्रीवास्तव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बिजनेस मैनेजर श्री जितेन्द्र कुमार जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन संचालन तथा आभार ज्ञापन बी.सी.ए. के प्रभारी श्री प्रियांशु श्रीवास्तव ने किया।

## सलाद मेकिंग प्रतियोगिता

19 अक्टूबर को महाविद्यालय के गृहविज्ञान विभाग द्वारा सलाद मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की कुल 19 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में अमृता सिंह व कविता निषाद को प्रथम स्थान, अंशिका साहनी और कामिनी को द्वितीय स्थान व शिवानी शर्मा और रूक्मणी निषाद को तृतीय स्थान तथा सांत्वना पुरस्कार श्रेया श्रीवास्तव और अंजली निषाद को प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में श्रीमती शिप्रा सिंह, सुश्री रीतिका त्रिपाठी एवं सुश्री स्मृति सिंह जी रही। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अवन्तिका पाठकन ने किया।



## शोध व्याख्यान प्रतियोगिता

19 अक्टूबर को महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा शोध व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




प्रतियोगिता में बी. एस–सी. तृतीय सेमेस्टर के कुल 36 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में अंशिका सिंह को प्रथम स्थान, मोहन चौरसिया को द्वितीय स्थान, आयशा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी क्रम में बी. एस–सी. पंचम सेमेस्टर के कुल 23 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में पूजा गुप्ता को प्रथम स्थान, बैष्णवी पाण्डेय को द्वितीय स्थान तथा अर्पिता चतुर्वेदी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव ने किया।

## विशिष्ट व्याख्यान

20 अक्टूबर को महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा ''खेल का जीवन में महत्व'' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेन्ट जोसेफ कॉलेज फॉर वूमेन के सहायक आचार्य श्री अमर सिंह ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार ज्ञापन डॉ. एस.एन. शुक्ला ने किया।

## शोध व्याख्यान प्रतियोगिता




20 अक्टूबर को महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा 'विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस' के अवसर पर ''बेहतर हड्डियों का निर्माण'' विषय पर शोध व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 33 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की अमृता सिंह को प्रथम स्थान, बी.ए. तृतीय सेमेस्टर की रीना यादव, एम.ए. प्रथम सेमेस्टर की अस्मिता सिंह को तृतीय स्थान तथा बी.ए. तृतीय सेमेस्टर की वन्दना चौहान को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। निर्णायक मण्डल में श्रीमती शिप्रा सिंह, डॉ. दीपशिखा नागवंशी, डॉ. अवन्तिका पाठक एवं सुश्री स्मृति सिंह जी रही। कार्यक्रम का संयोजन गृहविज्ञान की सुश्री रीतिका त्रिपाठी ने किया।

## वाद-विवाद प्रतियोगिता

21 अक्टूबर को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में ''सड़क सुरक्षा अभियान'' पर वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक मण्डल में डॉ. शिव कुमार, डॉ. मंजेश्वर जी रहे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अखिलेश कुमार गुप्त ने तथा आभार ज्ञापन डॉ. आरती सिंह ने किया।



## विशिष्ट व्याख्यान




30 अक्टूबर को महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा "वैश्वीकरण का भारतीय समाज पर प्रभाव" विषय पर विशिष्ट व्याख्यासन का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के समाजशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. मनीष कुमार पाण्डेय ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन श्री रितेन्द्रनाथ पाण्डेय ने किया। आभार ज्ञापन डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय ने किया।

## होमी जहॉगीर भाभा जयन्ती




30 अक्टूबर को महाविद्यालय के प्रार्थना सभा में होमी जहॉगीर भाभा जयन्ती के अवसर पर बी.एस–सी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा अनुष्का सिंह ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत कर श्रद्धाजंलि अर्पित किया।

## राष्ट्रीय एकता दिवस



31 अक्टूबर को महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रन फार यूनिटी के अन्तर्गत दौड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप–प्राचार्य डॉ. विजय कुमार कुमार चौधरी ने एन.सी.सी. के कैडेट्स को सम्बोधित किया। कार्यक्रम में कैडेट्स को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई और दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन एन.सी.सी. अधिकारी ले. रमाकान्त दूबे व श्री विवेक विश्वकर्मा ने किया।

## दस दिवसीय मूल्यपरक पाठ्यक्रम कार्यक्रम (उद्घाटन)




31 अक्टूबर को महाविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा दस दिवसीय मूल्यपरक पाठ्यक्रम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के मुख्य वक्ता उप–प्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुधा शुक्ल ने अध्यक्षीय उद्बोधन और आभार ज्ञापन डॉ. आरती सिंह ने किया।

## सरदार बल्लभभाई पटेल जयन्ती




31 अक्टूबर को महाविद्यालय के प्रार्थना सभा में सरदार बल्लभभाई पटेल जयन्ती के अवसर पर महाविद्यालय की छात्रा दिव्या प्रजापति ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## इन्दिरा गांधी पुण्यतिथि



31 अक्टूबर को महाविद्यालय के प्रार्थना सभा में इन्दिरा गांधी पुण्यतिथि के अवसर पर महाविद्यालय की छात्रा दिव्या प्रजापति ने अपने विचार प्रस्तुत कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

आज

गोरखपुर, गुरुवार, ०५ अक्टूबर, २०२३

# सात अक्टूबर को होगा राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्‌घाटन

जंगलधूसड़ (गोरखपुर)। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में बी.एड. विभाग के तत्वावधान में ''राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 संकल्प से सिद्धि तक'' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन समारोह 7 अक्टूबर पूर्वाह्न 10:00बजे होना सुनिश्चित है।

उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, सासाराम, बिहार के कुलाध्यक्ष एवं जयप्रकाश विश्व विद्यालय छपरा, बिहार के पूर्व कुलपति प्रो. हरिकेश सिंह उपस्थित होंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्व विद्यालय, गोरखपुर की कुलपति प्रो. पूनम टंडन करेंगी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के शिक्षा संकाय की संकायाध्यक्ष प्रो. शोभा गौड़ का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में देशभर के विद्ववत जनों द्वारा शोधपत्र प्रस्तुत किए जायेंगे। इस राष्टीय संगोष्ठी के प्रथम तकनीकी सत्र में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्व विद्यालय गोरखपुर के शिक्षा संकाय की

**◆शिक्षा और शोध के अद्वितीय मंच पर एकत्रित होंगे शिक्षाविद और शोधार्थी ◆विशेषज्ञों के उपस्थिति के साथ, देशभर के प्रतिष्ठित विद्वान रखेंगे अपने विचार ◆प्रत्येक सत्र में, शोधार्थियों, शिक्षकों, और अकादमिक विद्वानों द्वारा प्रस्तुत किए जाएंगे शोध पत्र**

शिक्षाविद एवं प्रमुख विद्वान अपना व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे तथा प्रत्येक सत्रों में शोधार्थियों, शिक्षकों तथा आचार्य प्रो. सुषमा पाण्डेय एवं दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महा विद्यालय गोरखपुर के बी.एड. शिक्षा के आचार्य डॉ. सभाषु चन्द्र का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

वहीं द्वितीय तकनीकी सत्र में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्व विद्यालय गोरखपुर के शिक्षा संकाय के पूर्व संकायाध्यक्ष प्रो. एन.पी. भोक्ता एवं सहायक आचार्य डॉ. मीतू सिंह का सानिध्य प्राप्त होगा। तृतीय तकनीकी सत्र दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्व विद्यालय गोरखपुर के रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा एवं शिक्षा संकाय के सहायक आचार्य डॉ. राजेश कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में संपन्न होगा। इसी क्रम में चतुर्थ तकनीकी सत्र दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के शिक्षा संकाय के आचार्य प्रो. राजेश कुमार सिंह तथा जे. बी. महाजन डिग्री कॉलेज गोरखपुर के सहायक आचार्य डॉ. लक्ष्मण सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। वहीं समापन समारोह में सेंटर ऑफ पॉलिसी रिसर्च एंड गवर्नेंस नई दिल्ली के निदेशक रामानंद तथा मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय गोरखपुर के कुलपति प्रो. जे.पी. सैनी एवं क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी गोरखपुर प्रो. अश्वनी कुमार मिश्र जी का पाथेय प्राप्त होगा। राष्टीय संगोष्ठी की संयोजक एवं बी. एड. विभाग की अध्यक्ष श्रीमती शिप्रा सिंह ने कहा की राष्टीय संगोष्ठी की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है।

# महाविद्यालय में स्वैच्छिक रक्त दान शिविर का आयोजन

जंगलधूसड़, गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़, गोरखपुर में गुरु श्री गोरखनाथ चिकित्सालय एवं महा विद्यालय के राष्टीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी ने रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ''रक्तदान महादान है, यह एक पुनीत कार्य है।

जो व्यक्ति को सच्चे आत्मिक सुख की अनुभूति कराता है। रक्तदान मनुष्य द्वारा मानवता की सच्ची सेवा है।'' रक्तदान के संदर्भ में फैली हुई तमाम भ्रांतियों के विषय में बताते हुए राष्टीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरती सिंह ने कहा कि ''एक स्वस्थ व्यक्ति के द्वारा किए जाने वाले रक्तदान का कोई भी दुष्प्रभाव व्यक्ति के शारीरिक स्वास्थ्य पर नहीं पड़ता है। इसके विपरीत यदि देखा जाए तो हृदय रोग, मोटापा, चर्बीजनित बीमारियाँ, उच्च रक्तचाप जैसी अनेक व्याधियों से रक्तदान हमें बचाता है। वास्तव में इस स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य नवयुवकों को मानवता की सच्ची सेवा हेतु प्रेरित करना है। एक यूनिट रक्त के दान से चार व्यक्तियों को बचाया जा सकता है। दान किया गया रक्त 24 घंटे के अंदर शरीर में पुन: निर्मित हो जाता है। इस स्वास्थ्य शिविर में विद्यार्थी, समाजसेवी तथा शिक्षकों ने कुल 22 यूनिट रक्तदान किया जिसमें विद्यार्थियों में अभय शुक्ला, दीपक कुमार, भानू प्रताप सिंह, नीतिश शर्मा, आकाश, आशीर्वाद, अरुण, विशाल, प्रभाकर राज, प्रांशु, सुधाकर, मोहन, आदित्य तथा बृजेश ने रक्तदान किया। वहीं समाज सेवी श्रीमती पार्वती राव सहित महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. अभय प्रताप सिंह डॉ. वेंकट रमन डॉ. आरती सिंह, डॉ. सुधा शुक्ला, डॉ. सुबोध कुमार मिश्रा, श्री अभिषेक त्रिपाठी एवं श्री प्रियांशु श्रीवास्तव ने रक्तदान किया। शिविर के अंत में रा. से. यो. के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अखिलेश कुमार गुप्त ने गुरु श्री गोरखनाथ चिकित्सालय से आए हुए चिकित्सकों एवं सहायकों की प्रति आभार ज्ञापित किया।



भारतीय नभमण्डल के धार्मिक-आध्यात्मिक, सामाजिक एवं राजनैतिक क्षितिज के दैदीप्यमान नक्षत्र युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज नें पूर्वांचल के शैक्षणिक विकास एवं भारतीय संस्कृति, परम्परा, सनातन ज्ञान-विज्ञान एवं कौशल से ओत-प्रोत शिक्षा के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से सन् 1932 ई. में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की स्थापना की थी। सिद्ध गोरक्षपीठ एवं महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित महाराणा प्रताप महाविद्यालय पूर्वांचल के शिक्षा क्षेत्र की एक अग्रणी संस्था है । महाविद्यालय के मासिक गतिविधियों का एक संक्षिप्त संकलन ‘‘ध्येय पथ’’ नाम से मासिक ई-पत्रिका के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है। इसी क्रम में अक्टूबर माह की मासिक ई-पात्रिका ध्येय-पथ आप सभी के अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।

**महाराणा प्रताप महाविद्याल, जंगल धूसड़**
**गोरखपुर**